<u>वन प्रशिक्षण केन्द्र अलवर के वन रक्षकों के दल का आफरी भ्रमण</u>

वन प्रशिक्षण केन्द्र, अलवर के 41 वनरक्षकों के दल ने दिनाँक 07 दिसम्बर, 2015 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी), जोधपुर का भ्रमण कर वानिकी क्षेत्र में चल रहे शोध के बारे में जानकारी प्राप्त की। डॉ. बिलास सिंह, (वैज्ञानिक-बी) व रतनाराम लोहरा, (अनुसंधान सहायक-प्रथम) के साथ कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग, आफरी की विभिन्न प्रयोगशालाओं तथा विस्तार एवं निर्वचन केन्द्र आदि का भ्रमण कर शुष्क क्षेत्र में आफरी द्वारा संचालित परियोजनाओं व कार्यक्रमों के बारे में जानकारी हासिल की। इसमें श्री तेजाराम का भी सहयोग रहा।